दिनांक: 10-04-2018

# बीजेपी और कांग्रेस के आय एवं व्यय का विश्लेषण
# वित्तीय वर्ष 2016-17

A Report by

Association for Democratic Reforms

Association for Democratic Reforms

T-95, II floor, C.L. House, Gautam Nagar
New Delhi – 110 049
Email: adr@adrindia.org; Phone: 011-4165 4200

# विस्तृत रिपोर्ट

## प्रस्तावना

राजनीतिक दल विभिन्न स्त्रोतों से दान प्राप्त करते हैं इसलिए जवाबदेही और पारदर्शिता उनके कामकाज का महत्वपूर्ण पहलू होना चाहिए | व्यापक और पारदर्शी लेखा प्रणाली के लिए पार्टियों को सही वित्तीय स्थिति प्रदर्शित करना आवश्यक है |

यहाँ पर ध्यान दिया जाना चाहिए की एडीआर ने राष्ट्रीय दलों पर Analysis of Income & Expenditure of National Political Parties for FY- 2016-2017 रिपोर्ट **07-02-2018** को विश्लेषण किया था जिसमें **बीजेपी** और **कांग्रेस** पार्टी का ऑडिट रिपोर्ट की जानकारी नहीं थी क्योंकि इन **दो दलों** का ऑडिट रिपोर्ट उस समय सार्वजानिक रूप से **उपलब्ध नहीं** था |

राष्ट्रीय दलों में भारतीय जनता पार्टी (**बीजेपी**), इंडियन नेशनल कांग्रेस (**कांग्रेस**), बहुजन समाज पार्टी (**बसपा**), नेशनल कांग्रेस पार्टी (**एनसीपी**), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया (**सीपीआई**), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया (मार्क्सिस्ट) (**सीपीएम**) और आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (**एआइटीसी**) है A

## राष्ट्रीय दलों द्वारा प्रस्तुत ऑडिट रिपोर्ट

- दलों द्वारा वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने की नियमित तिथि **30 अक्टूबर, 2017** थी |
- **बसपा**, **सीपीएम** और **एआइटीसी** तीनों पार्टियों ने ही अपने ऑडिट रिपोर्ट्स निर्धारित समयसीमा से पहले प्रस्तुत की है |
- **बीजेपी** ने अपना ऑडिट रिपोर्ट निर्धारित समयसीमा के **99 दिन बाद,** 8 फेब्रुअरी, 2018 को जमा किया वही **कांग्रेस** ने **138 दिन बाद** अपना ऑडिट रिपोर्ट 19 मार्च, 2018 को चुनाव आयोग में प्रस्तुत की |


| Due date for submission: 30th Oct,'17 | | |
|---|---|---|
| **Party** | **Date of submission** | **Delay in submitting their report** |
| BSP | 26th October,'2017 | - |
| CPM | 26th October,'2017 | - |
| AITC | 27th October,'2017 | - |
| CPI | **23rd, November,'2017** | **22 days** |
| NCP | **19th,January,'2018** | **79 days** |
| BJP | **8th, Feb, 2018** | **99 days** |
| INC | **19th, March, 2018** | **138 days** |

## राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के आय एवं व्यय - वित्तीय वर्ष-2016-17

- वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान **7 राष्ट्रीय दलों** की कुल आय **रु 1,559.17 करोड़** थी और इन दलों का कुल खर्च **रु 1,228.26 करोड़** था |
- **बीजेपी** ने कुल **रु 1,034.27 करोड़** का आय और **रु 710.057 करोड़** का कुल व्यय घोषित किया है |
- **कांग्रेस** ने वित्तीय वर्ष 2016-17 में कुल **रु 225.36 करोड़** का आय घोषित किया है परन्तु पार्टी ने कुल आय से (43%) **रु 96.30 करोड़** अधिक खर्च किया है |
- वि व् 2016-17 में, **बीएसपी** ने कुल आय का **70%**, **बीजेपी** और **सीपीआई** ने अपने कुल आय का **31%** और **सीपीएम** के कुल आय का **6%** खर्च नहीं किया है |

| Total income and expenditure declared by National Parties, FY 2016-17 (Rs in cr) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Party** | **Total declared Income** | **Total declared Expenditure** | **Excess of income over expenditure** | **Share of income remaining unspent** |
| **BJP** | 1,034.27 | 710.057 | 324.213 | 31% |
| **INC** | 225.36 | 321.66 | -96.3 | **-43%** |
| **BSP** | 173.58 | 51.83 | 121.75 | 70% |
| **CPM** | 100.256 | 94.056 | 6.2 | 6% |
| **NCP** | 17.235 | 24.967 | -7.732 | **-45%** |
| **AITC** | 6.39 | 24.26 | -17.87 | **-280%** |
| **CPI** | 2.079 | 1.426 | 0.653 | 31% |
| **Total** | **Rs 1,559.17 cr** | **Rs 1,228.26 cr** | **Rs 330.91 cr** | **21.22%** |

**Table: Total income and expenditure declared by National Parties in their audit reports for FY 2016-17 (All over India)**





**Graph: Total income and expenditure declared by National Parties in their audit reports for FY 2016-17 (All over India)**

# वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए राष्ट्रीय दलों की कुल आय

- राष्ट्रीय दलों की आय पूरे भारतवर्ष से विभिन्न स्त्रोतों से संकलित की गई है जैसा की उन्होंने अपने ऑडिट रिपोर्ट में प्रस्तुत किया है |
- कुल आय **रु 1,034.27 करोड़** के साथ राष्ट्रीय दलों में से **बीजेपी** ने सबसे अधिक आय घोषित की है जो इन **7 दलों** के कुल आय का **66.34 %** है।
- दूसरे स्थान पर **कांग्रेस** ने **रु 225.36 करोड़** घोषित किया है जो 7 राष्ट्रीय दलों के पुरे आय का **14.45 %** है ।
- **सीपीआई** ने **रु 2.079 करोड़** की सबसे कम आय घोषित की है जो वि व् 2016-17 के दौरान 7 राष्ट्रीय दलों की कुल आय का मात्र **0.13%** है |

| National Party | Income of National Parties for FY-2016-17 (Rs. in cr) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | BJP | INC | BSP | CPM | NCP | AITC | CPI |
| Total Income | Rs 10,34,27,20,346 (**Rs 1,034.27 cr**) | Rs 2,25,36,19,797 (**Rs 225.36 cr**) | Rs 1,73,58,26,754 (**Rs 173.58 cr**) | Rs 1,00,25,65,371 ***(Rs 100.256 cr)*** | Rs 17,23,53,989 (**Rs 17.235 cr**) | Rs 6,39,48,999 (**Rs 6.39 cr**) | Rs 2,07,92,330 (**Rs 2.079 cr**) |
| % Share in total Income | **66.34%** | **14.45%** | **11.13%** | **6.43%** | **1.11%** | **0.41%** | **0.13%** |
| Grand Total | **Rs 1,559.17 cr** | | | | | | |


**Table: Total income declared by National Parties in their ITR for FY 2016-17 (All over India)**




**Graph: Total income declared by National Parties in their ITRs for FY 2016-17 (All over India)**

## वित्तीय वर्ष 2015-16 और 2016-17 के बीच राष्ट्रीय दलों की कुल आय की तुलना


- वि व् 2015-16 और 2016-17 के बीच, **बीजेपी** की आय में **81.18%** (रु 463.41 करोड़) की **वृद्धि** हुई है | वि व् 2015-16 में **बीजेपी** की आय **रु 570.86 करोड़** थी जो वि व् 2016-17 में बढ़कर **रु 1,034.27 करोड़** हो गयी है |
- कांग्रेस की आय में **14%** (रु 36.20 करोड़ )की **गिरावट** हुई है | कांग्रेस ने वि व् 2015-16 में **रु 261.56 करोड़** दर्शाया था लेकिन पार्टी की आय वि व् 2016-17 में **घटकर रु 225.36 करोड़** हो गयी है |
- **बसपा** की आय में **266.32%** (रु 126.195 करोड़) की वृद्धि हुई और **एनसीपी** की आय में **88.63%** (रु 8.098 करोड़) की वृद्धि हुई है |
- यहाँ पर ध्यान देने की बात है कि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में, इस साल वि व् 2016-17 में, **एआइटीसी** की आय **81.52%** (रु 28.188 करोड़**) घटा** है जबकि **सीपीएम** की आय में **6.72%** (रु 7.224 करोड़**)** कमी देखी गयी है |




**Graph: Total income of National Parties for Financial Years: 2015-16 and 2016-17**

## बीजेपी और कांग्रेस के आय के प्रमुख 3 स्त्रोत : वि व्- 2016-17

- **बीजेपी** और **कांग्रेस** के शीर्ष तीन मुख्य आय स्रोतों में से सबसे अधिक धन **स्वैच्छिक योगदान** से प्राप्त किया है | बीजेपी **रु 997.12 करोड़** और कांग्रेस **रु 50.626 करोड़** |
- वि व् 2016-17 में, **बीजेपी** को पूरे भारतवर्ष से **स्वैच्छिक योगदान** से सबसे अधिक **रु 997.12 करोड़** प्राप्त हुआ है जो पार्टी की कुल आय का **96.41%** है | **कांग्रेस** को सबसे अधिक आय **रु 115.644 करोड़ "Revenue from issuance of Coupons"** से प्राप्त हुआ है जो कुल आय का **51.32%** है |





**Graph: Top sources of income of National Parties for FY 2016-17**

| National Party | Total Income | Financial Year- 2016-17 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **Top 3 Sources of Income** | **Amount (Rs in cr)** | **Share of Income** |
| **BJP** | **Rs 1,034.27 cr** | Voluntary Contributions | 997.12 | **96.41%** |
| | | Interest from Bank | 31.18 | 3.02% |
| | | Fee & Subscriptions | 4.29 | 0.41% |
| | | **Other Income** | 1.68 | 0.16% |
| **INC** | **Rs 225.36 cr** | Revenue from issuance of Coupons | 115.644 | **51.32%** |
| | | Grant/Donations/Contributions | 50.626 | 22.46% |
| | | Interest on Fixed Deposits & Saving Bank Interest | 43.20 | 19.48% |
| | | **Other Income** | 15.79 | 6.74% |

**Table: Top 3 sources of income of National Parties in their ITR from FY 2016-17**

## बीजेपी और कांग्रेस के व्यय के प्रमुख स्त्रोत : वि व्- 2016-17

- वि व् 2016-17 में, **बीजेपी** ने **रु 606.64 करोड़** का खर्च **चुनाव/ सामान्य प्रचार** में और **रु 69.78 करोड़** कर्मचारी लागत में घोषित किया है |
- **कांग्रेस** ने सबसे अधिक व्यय चुनाव खर्च में **रु 149.65 करोड़** और प्रशासनिक और सामान्य व्यय में **रु 115.65 करोड़** खर्च घोषित किया है |





**Top item of expenditure of National Parties for FY 2016-17**

| National Party | Total Expenditure | Financial Year- 2016-17 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **Top 3 Items of Expenditure** | **Amount (Rs in cr)** | **% of Expenditure** |
| **BJP** | **Rs 710.057 cr** | Election/ General Propaganda | 606.64 | **85.44%** |
| | | Administrative Costs | 69.78 | 9.83% |
| | | Employee Costs | 20.41 | 2.87% |
| | | **Other Expenditure** | 13.227 | 1.86% |
| **INC** | **Rs 321.66 cr** | Election Expenditure | 149.65 | **46.52%** |
| | | Administrative and General Expenses | 115.65 | 35.96% |
| | | Finance Costs | 31.07 | 9.66% |
| | | **Other Expenditure** | 25.29 | 7.86% |

**Table: Top 3 items of expenditure of National Parties as declared in their audit reports for FY-2016-17**

## राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित आय के सभी स्त्रोत : वि व् 2016-17

- वि व् 2016-17 के दौरान, राष्ट्रीय दलों ने सबसे अधिक **74.98%** (रु 1,169.07 करोड़ ) की आय "**स्वैच्छिक योगदान**" से अर्जित की है |
- सभी राष्ट्रीय दलों ने **बैंकों से ब्याज और एफडी** से **रु 128.60 करोड़** की आय प्राप्त की है |
- वि व् 2016-17 के दौरान सभी राष्ट्रीय दलों ने **Revenue from issuance of Coupons** से **7.98%** यानिकी **रु 124.46 करोड़** की आय जमा किया है |




**Graph: All sources of income declared by National parties in their audit reports during FY-2016-17**

| All sources of income declared by National parties in their audit reports | National Party : FY- 2016-17 | | | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | BJP | INC | BSP | CPM | NCP | AITC | CPI | |
| Voluntary Contributions | 997.12 | 50.626 | 75.26 | 36.663 | 6.621 | 2.17 | 0.615 | **Rs 1,169.074 cr** |
| Interest From Banks & FD | 31.18 | 43.89 | 33.696 | 18.225 | 0.235 | 0.847 | 0.5297 | **Rs 128.603 cr** |
| Revenue from Issuance of Coupons | - | 115.644 | 0 | 0.063 | 8.752 | 0 | - | **Rs 124.46 cr** |
| Fee & Subscriptions | 4.29 | 13.437 | 64.624 | 0.5349 | 0.619 | 2.529 | 0.8087 | **Rs 86.843 cr** |
| Levi Received | - | - | - | 40.022 | - | - | 0.121 | **Rs 40.143 cr** |
| Miscellaneous Income/Other income | 0.093 | 1.761 | 0.0013 | 3.96 | 0.0007 | 0 | 0.0045 | **Rs 5.821 cr** |
| Sale of Publications | 1.17 | 0 | - | 0.787 | - | - | - | **Rs 1.96 cr** |
| Revenue from subscription/ Advt. | - | - | - | - | 0.914 | - | - | **Rs 0.914 cr** |

| All sources of income declared by National parties in their audit reports | National Party : FY- 2016-17 | | | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | BJP | INC | BSP | CPM | NCP | AITC | CPI | |
| Sale of Newspapers, Mukhopatra, Hawker & Sarad Sankhya | 0.041 | - | - | - | - | 0.843 | - | Rs 0.884 cr |
| Rent Received | 0.223 | - | - | - | - | - | - | Rs 0.223 cr |
| Interest on Income Tax Refund | 0.15 | - | - | - | - | 0.001 | - | Rs 0.151 cr |
| Sundry Balance Written Off | - | - | - | - | 0.0927 | - | - | Rs 0.093 cr |
| Revenue from sale of flags & badges | - | - | - | - | 0 | - | - | Rs 0 |
| Grand Total | Rs 1,034.27 cr | Rs 225.36 cr | Rs 173.58 cr | Rs 100.256 cr | Rs 17.236 cr | Rs 6.39 cr | Rs 2.079 cr | Rs 1,559.17 cr |

**Table: All sources of income declared by National parties in their audit reports during FY-2016-17**

# एडीआर के अवलोकन और सुझाव

## अवलोकन

- 7 राष्ट्रीय दलों में से 4 दलों (बीजेपी, कांग्रेस, एनसीपी और सीपीआई) ने अपना ऑडिट रिपोर्ट **पिछले पांच सालों से** लगातार **देरी से जमा** कर रहे हैं | शीर्ष प्रमुख दलों में से **बीजेपी** और **कांग्रेस** ने अपना ऑडिट रिपोर्ट हर साल औसतन लगभग **6 महीने** देरी से भरते हैं |
- विश्लेषण करते समय यह देखा गया है की **7 राष्ट्रीय दलों** की आय में **रु 525.99 करोड़** की वृद्धि हुई है जो पिछले साल की तुलना में **51% अधिक** है | वि व् 2015-16 में इन 7 दलों की कुल आय **रु 1,033.18 करोड़** थी जो वि व् 2016-17 में बढ़कर **रु 1,559.17 करोड़** हो गयी |
- 7 राष्ट्रीय दलों ने वि व् 2016-17 के दौरान **स्वैच्छिक योगदान** से सबसे अधिक **74.98%** (रु 1,169.07 करोड़) की आय अर्जित की है | इसके तुलना में, वि व् 2015-16 में इन दलों की **स्वैच्छिक योगदान** से केवल **60%** (रु 606.05 करोड़) ही आय प्राप्त की थी |

## एडीआर के सुझाव

- सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितम्बर 2013 को यह घोषित किया कि उम्मीदवारों के शपथपत्र का कोई भी हिस्सा खाली नहीं रहना चाहिए इसी के तर्ज पर फार्म 24ए (जोकि राजनीतिक दलों द्वारा रु 20,000 से ज्यादा दान देने वाले लोगों के लिए प्रस्तुत किया जाता है ) का भी कोई हिस्सा खाली नहीं होना चाहिए |
- क्योंकि राजनीतिक दलों की आय का अधिकतम प्रतिशत (80 प्रतिशत) अज्ञात स्त्रोतों से आता है, दानदाताओं की पूरी जानकारी, सार्वजनिक जाँच के लिए आम जनता को उपलब्ध होनी चाहिए | भूटान, नेपाल, जर्मनी, फ़्रांस, इटली, ब्राजील, बल्गेरिया, अमेरिका तथा जापान जैसे देशों में ऐसा किया जा है | इन देशों में से किसी भी देश में राजनीतिक दलों के आय स्त्रोत का 80 प्रतिशत अज्ञात रहना असम्भव होगा |
- आईसीएआई का यह दिशा निर्देश की राजनीतिक दलों के ऑडिट रिपोर्ट का इनकम टैक्स डिपार्टमेन्ट द्वारा छानबीन की जानी चाहिए किन्तु इसका पालन नहीं होता है | राजनीतिक दलों को सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत निरन्तर तौर पर जानकारी प्रदान करनी चाहिए | ऐसा करने से ही राजनीतिक दल, चुनाव प्रक्रिया एवं लोकतंत्र सशक्त होगा |

वि व् 2016-17 के दौरान राष्ट्रीय राजनीतिक दलों द्वारा घोषित आय और व्यय का विश्लेषण | कृपया दिए गये लिंक पर क्लिक करें : https://bit.ly/2uQ6ESc और http://myneta.info

## अस्वीकरण

रिपोर्ट में इस्तेमाल सभी जानकारी चुनाव आयोग के वेबसाइट में राजनीतिक दलों के पेज. से लिया गया है http://eci.nic.in/eci_main1/PolPar/annualauditreport2017.aspx रिपोर्ट बनाते समय सुचना का पूर्ण ध्यान रखा गया है | यदि रिपोर्ट में दी गयी जानकारी में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई त्रुटि पायी जाती है तो राजनीतिक दलों द्वारा जमा किये गए ऑडिट रिपोर्ट का विवरण ही ठीक माना जायेगा | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म, नेशनल इलेक्शन वाच और उनके स्वंयसेवक जिम्मेदार नही होंगे |

**सम्पर्क:**


| | | | |
|---|---|---|---|
| Media and Journalist Helpline<br>+91 80103 94248<br>Email: adr@adrindia.org | Maj. Gen Anil Verma (Retd.)<br>Head<br>ADR & NEW<br>+91 11 4165 4200<br>+91 88264 79910<br>anilverma@adrindia.org | Prof Jagdeep Chhokar<br>IIM Ahmedabad (Retd.)<br>Founder Member<br>ADR & NEW<br>+91 99996 20944<br>jchhokar@gmail.com | Prof Trilochan Sastry<br>IIM Bangalore<br>Founder Member,<br>ADR & NEW<br>+91 94483 53285<br>trilochans@iimb.ernet.in |